आज नरसिंह चतुर्दशी



हे प्रभु ! हमारे कुत्सित विचारों, व्यवहारों का शमन करें। हम आनंद और शांति को प्राप्त हो।

श्रीमत् पयोनिधिनिकेतन
चक्रपाणे, भोगीन्द्रभोगमणिरञ्
जितपुण्यमूर्तो ।
योगीश शाश्वत शरण्य
भवाब्धिपोत, लक्ष्मीनृसिंह
मम देहि करावलम्बम् ॥

## Headline

1. **Swati Maliwal Case: स्वाति मालीवाल मामले की SIT करेगी जांच, इस महिला अधिकारी को मिली जिम्मेदारी**
2. **Ebrahim Raisi: 'किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर सकते', रईसी की मौत पर विदेश मामलों के विशेषज्ञ**
3. **UP: दलित मतों में सेंध... गुणा-भाग में जुटे प्रत्याशी; अधिकतर सीटों पर NDA-इंडिया आमने-सामने; सुस्त चला 'हाथी'**
4. **Odisha: 'भगवान के सामने प्रायश्चित करूंगा', प्रभु जगन्नाथ को लेकर फिसली जुबान तो संबित पात्रा ने पेश की सफाई**

खगपति राम कथा मैं बरनी । स्वमति बिलास त्रास दु:ख हरनी ।।
राम कथा गिरिजा मैं बरनी । कलि मल समनि मनोमल हरनी ।।
|| Ram Katha 936 - मानस रामकथा || Gondal, Gujrat || मोरारी बापू ||


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 308 | इंदौर, मंगलवार 21 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# पुलिस सक्रिय, विफल हो रहे सायबर ठगोरों के प्रयास

## इस साल अब तक ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों पर 2 करोड़ 13 लाख से अधिक रुपए करवाए रिफंड

सायबर अपराधों को लेकर पुलिस जहां आमजन और कंपनियों व स्कूल-कॉलेजों में जाकर जागरुकता अभियान चला रही है, वहीं सायबर ठगोरों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए सक्रियता से काम करते हुए ठगी के शिकार लोगों को उनके रुपए भी वापस करा रही है। इसी कड़ी में अब तक इस वर्ष 2024 में ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों पर 2 करोड़ 13 लाख से अधिक रुपए लोगों को रिफंड करवाए गए हैं।

DGR विशेष @ घनश्याम डोंगरे

**इंदौर। दरअसल इंदौर कमिश्नरेट में लोगों से छलकपट कर अवैध लाभ अर्जित करते हुये आर्थिक ठगी करने वाले की पहचान कर विधिसंगत कार्यवाही करते हुये उनकी धरपकड़ करने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों को लगाया गया है ।**

इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस द्वारा संचालित पोर्टल आदि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों पर क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा आवेदकों से फ्रॉड की सम्पूर्ण जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही कर आवेदकों के पैसे ठग से वापस कराने का कार्य निरंतर कर रही है।

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों में वर्ष 2021 में 01 करोड़ 37 लाख रुपए आवेदकों को वापस कराए गए थे, जबकि पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद वर्ष 2022 में 03 करोड 92 लाख रुपए रिफंड कराए, जो बढकर वर्ष 2023 में यह रिफंड राशि 4 करोड़ 32 लाख रुपए आवेदकों के खाते में सकुशल वापस कराए गए थे।

इसी अनुक्रम में वर्ष 2024 (जनवरी से अप्रैल) के शुरू के केवल चार माह में आवेदकों के 02 करोड़ 13 लाख से अधिक राशि सकुशल वापस कराई गई एवं आवेदकों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए साइबर पाठशाला जैसे अभियान के माध्यम से लाखों लोगों को जागरूक किया गया,और ये अभियान निरंतर जारी है।

### इन तरीको ऑनलाइन ठगी की घटना को अंजाम दिया गया



1. लोगो को ठग द्वारा कॉल कर स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट/डेबिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, गिफ्ट वाउचर रिडीम करने एवं एनुअल चार्जेस कम करने का बोलकर की जाने वाली ठगी।
2. लोगो के द्वारा जल्दबाजी एवं विश्वसनीयता की जांच किए बिना ईकॉमर्स वेबसाइट, कोरियर, बैंक एवं वालेट्स कंपनी आदि के फर्जी ष्टह्वह्यह्लशद्धद्गह्म् ष्टड्डह्द्ग नंबर त्रशशद्दद्यद्ग पर सर्च करने पर ठग से संपर्क होने पर की गई ठगी।
3. ठग द्वारा परिचित बनकर झूठी निजी परेशानी बताकर तत्काल मदद ले नाम से फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क करके पैसे की मांग कर करते है ठगी।
4. ठग द्वारा बैंकिंग व बिजली विभाग के अधिकारी या अन्य किसी भी प्रकार का झूठ बोलकर संपर्क करके लोगो के मोबाइल रिमोटली एसेस हेतुऐप डाउनलोड करवाकर करते है ठगी।
5. फर्जी वेबसाइट, फॉर्म,सोशल मीडिया आदि के माध्यम से लोगो की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर संपर्क करके उनका पिन दर्ज करवाकर की जाने वाली ठगी।
6. ठग द्वार सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन एवं वीडियो के माध्यम से प्रचार कर लोगो से संपर्क करके उन्हें पेंसिल/पेन पैकिंग, डाटा एंट्री या टाइपिंग वर्क जैसी फर्जी द्भशड्ड दिलाने के नाम से करते है ठगी।
7. ऑनलाइन लॉटरी, कैशबैक, बीमा एवं फेस्टिवल ऑफर्स में ऑनलाइन शॉपिंग आदि के प्रलोभन देकर ठगी।
8. समान बेचने एवं खरीदने के नाम पर पेमेंट भेजने का झूठ बोलकर पिन दर्ज करवाकर लोगो के साथ की जाने वाली ठगी।
9. कनेक्शन काटने का बोलकर तत्काल बिजली बिल भुगतान करने के नाम से फर्जी लिंक भेजकर की जाने वाली ऑनलाइन ठगी।
10. ठग द्वारा सोशल मीडिया पर अनजान आकर्षक प्रोफाइल बनाते हुए लोगो से दोस्ती कर उनका न्यूड वीडियो कॉलिंग का वीडियो रिकॉर्ड कर सेक्सटोर्शन ठगी ।
11. टेलीग्राम एवं व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से लोगो को ञ्जड्डह्यद्म बेस काम देना, जिसमे शुरू में छोटा इन्वेस्टमेंट में प्रॉफिट देते हुए, बाद में लोगो से बड़ा इन्वेस्टमेंट करवाते हुए की जाती है ठगी।

# अतिवृष्टि तथा बाढ़ से उत्पन्न होने वाली स्थितियों से निपटने के लिए एहतियात के रूप में पुख्ता इंतजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में मानसून काल की निकटता को दृष्टिगत रखते हुए अतिवृष्टि तथा बाढ़ से उत्पन्न होने वाली स्थितियों से निपटने के लिये आपदा प्रबंधन के संबंध में चर्चा हेतु आज कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एहतियात के रूप में किए जा रहे इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में अभी से ऐसी तैयारियां रखी जाए जिससे कि आपदा से त्वरित रूप से निपटने में मदद मिले। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष जिले के सांवेर, महू और देपालपुर मुख्यालय पर भी होमगार्ड और एसडीआरएफ के बचाव एवं राहत दल मौजूद रहेंगे, जिससे की सूचना मिलने पर त्वरित ही क्षेत्र में इन दलों को भेजा जा सकेगा। जिले के पर्यटन स्थलों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सुनील मेहता, डीसीपी इंदौर श्री हंसराज सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.




अहिरवार, अपर आयुक्त नगर निगम श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल तथा श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि आगामी समय में अतिवृष्टि, बाढ़ तथा इससे उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए एहतियात के रूप में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। पूर्व सूचना तथा आकस्मिक स्थिति के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय, नगर निगम, पुलिस मुख्यालय, एमपीईबी सहित अन्य कार्यालयों में आपदा नियंत्रण केंद्र (कंट्रोल रूम) स्थापित किये जायेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि मानसून के दौरान बिजली की आपूर्ति सतत बनाए रखी जाए। यशवंत सागर के गेट खोलने के पूर्व नागरिकों को पूर्व सूचना दी जाए। खदानों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा उनके संचालकों से फेंसिंग कराई जाए। शहर में पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। जलजमाव वाले स्थानों को पूर्व से चिन्हित कर एहतियात के रूप में तैयारी रखें। पूल और पुलियाओं पर विशेष ध्यान रखें। वहां चेतावनी संबंधी बोर्ड भी लगाए जाएं। तालाबों के पाल की मरम्मत पर भी विशेष ध्यान दिया जाये।

### पहले ही तैयार कर लें सूची

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा है कि पहुंच विहीन गांवों की सूची पूर्व से ही तैयार कर लें तथा वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का भंडारण किया जाए। बैठक में बताया गया कि होमगार्ड द्वारा पर्याप्त संख्या में बचाव एवं राहत दल बनाए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि इस बार विकासखंड मुख्यालयों पर भी बचाव एवं राहत दल मौजूद रहेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि मानसून के दौरान शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनाए रखी जाए। आकस्मिक स्थिति के दौरान बनाए जाने वाले राहत शिविरों के लिए स्थानों का चयन अभी से कर लिया जाये।

## 6 राज्यों के नेशनल दिव्यांग क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम हुई घोषित

### माखन सिंह राजपूत बने कप्तान, इंदौर के अनिल गुर्जर का हुआ चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वधान एवम महाराष्ट्र दिव्यांग क्रिकेट एसोसियन द्वारा आयोजित 6 राज्यों की नेशनल दिव्यांग ळ 20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन २३ मई २०२४ से २६ मई २०२४ तक सिंहगड कॉलेज पुणे में आयोजित किया जायेगा।।

जिसमे दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन मध्य प्रदेश ने उज्जैन के युवा खिलाडी माखन सिंह राजपूत को मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया है । इंदौर संभाग दिव्यांग क्रिक्रेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बड़े खुशी की बात है की इन्दौर संभाग से अनिल गुर्जर और अमन अंजना जो की ऑलराउंडर है इन्हे प्रदेश की टीम मे जगह मिली। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ कोच अंकित शर्मा ने मध्य प्रदेश टीम घोषित की और कहा की प्रदेश के कोने कोने से खिलाडियों का विभिन्न प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया।

मध्य प्रदेश टीम इस प्रकार है- माखन सिंह राजपूत कप्तान, मुकम्मिल खान उपकप्तान, अंकित सिंह, रामबरन यादव, निखिल मेवड़ा, अमन अंजना, अनिल गुज्जर, मिथिलेश सिंह, दिनेश सिंह, श्याम चकवा, लोकेन्द्र आर्य, संजय साकेत, लुक्की कराड़िया, यश रजाक,वेदांत गुप्ता।

## लायनेस सदस्याओं ने बांटी छाछ

**इंदौर**। भीषण गर्मी के चलते विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा राहगीरों के लिए कई राहत देने वाले कार्य किए जा रहे हैं। कोई प्याऊ लगा पानी पिला रहा तो कोई शरबत पिला रहा है। इसी कड़ी में एयरपोर्ट रोड के विद्या धाम मंदिर मेन गेट पर राहगीरों को लायनेस सुप्रभात क्लब ने करीब पच्चीस सौ गिलास छाछ बांटी। यहां नहीं क्लब की सदस्याओं ने गौशाला में भी सेवा दी। लायनेस रमा साबू ने बताया कि भावना माहेश्वरी की मदद से यह आयोजन किया गया। इसमें सुनीता फरक्या, ममता छाजेड़, आभा मोहता, आभा शर्मा, मधु जैन, प्रीति जैन, नीता माहेश्वरी सहित अनेक लायनेस सदस्याओं और सेवाभावी लोगों ने शामिल होकर अपनी सेवाएं दी।

## सायबर अपराध की शिकायत अब सीधे थाने पर होगी

### जोन-2 के सभी थानों में सायबर डेस्क प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **सायबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून/व्यवस्था) अमित सिंह द्वारा निर्देश दिए गए थे कि सायबर अपराध से पीड़ित आवेदकों को इधर-उधर भटकना न पड़े और शिकायत पर त्वरित कानूनी कार्यवाही की जाए। निर्देशों के पालन में पुलिस उपायुक्त जोन-02 अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जोन-02 के समस्त थानों में सायबर डेस्क शुरू की गई है।**

पुलिस थानों में सायबर संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने और अग्रिम कार्यवाही करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 इंदौर द्वारा पुलिस थाना विजयनगर, एमआईजी, लसुडिया, परदेशीपुरा, खजराना, तिलकनगर, कनाडिया के कर्मचारियों को चिन्हित किया गया और सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराया गया, ताकि आने वाले शिकायतकतार्ओं की शिकायत प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

अब शिकायतकर्ता थाना पर जाकर सायबर अपराध संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत सायबर डेस्क में कर सकते है जैसे आनलाईन धोखाधडी बैंक से सबंधित धोखाधड़ी, ओटीपी से संबंधित धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से संबंधित धोखाधड़ी व अन्य किसी प्रकार की सायबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर थाने की सायबर हेल्प डेस्क में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह 2 जून को

**इंदौर**। मेवाड के सूर्य वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारुड प्रतिमा का अनावरण समारोह आगामी 2 जून रविवार को साय 4 बजे एम आर 12 स्थित फिनिक्स टाउनशिप कैलोद हाला में होने जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप के वंशज महाराज कुंवर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड होंगे। आयोजन महाराणा प्रताप सेवा समिति फिनिक्स टाउनशिप केलोद हाल की ओर से किया जा रहा है। सहयोगी संगठन के रूप में राजपूत प्रगति परिषद इंदौर एवं महाराणा सेवा इंदौर होंगे। समारोह के प्रमुख अतिथि प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट होंगे ।समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी विजय सिंह परिहार करेगे। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप मे आईडीए के अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, राजपूत समाज के सरंक्षक डॉ. मोहनसिंह सेंगर, आरएसएस के जिला संघ चालक रामनरेश भदोरिया , सर्व ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जोशी, विश्व हिंदू परिषद की प्रान्त उपाध्यक्ष माला ठाकुर, राष्टीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शिवप्रतापसिंह चौहान, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष,जितेंद्रसिंह ठाकुर, राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनुराग प्रताप सिंह राघव, आयकर अधिकारी शेरसिंह गिन्नोरे, इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रामेश्वरसिंह चौहान, ग्राम पंचायत कैलोद हाला के सरपंच जितेंद्र सिंह डोडिया होंगे। इसके अलावा विभिन्न राजपूत संग ठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहेगे।

## टाइप वन डायबिटीज पर जागरूकता शिविर का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **डायबिटीज पर पिछले 20 सालों से एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का के नेतृत्व में काम कर रही संस्था मधुमेह चौपाल ने रविवार केयर सीएचएल हॉस्पिटल में एक सपोर्ट ग्रुप मीट का आयोजन किया। यह मीट टाइप वन डायबिटीज, जिसे आमतौर पर जुवेनाइल डायबिटीज भी कहा जाता है, के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को इस स्थिति का प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था।**

मीटिंग में, डायबिटीज एजुकेटर और मधुमेही बच्चों ने अपने




अनुभव साझा किए। इनमें से कुछ बच्चे ऐसे थे जिन्हें कम उम्र से ही डायबिटीज थी, लेकिन उन्होंने अपनी स्थिति को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है और अब वे विभिन्न क्षेत्रों में सफल हैं।

डॉ. संदीप जुल्का, मधुमेह एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट ने कहा, ह्लटाइप वन डायबिटीज एक आजीवन स्थिति है, लेकिन उचित उपचार और प्रबंधन के साथ, इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है और एक स्वस्थ और सामान्य जीवन जिया जा सकता है। केयर सीएचएल हॉस्पिटल के सीओओ श्री मनीष गुप्ता ने कहा, हम मधुमेह चौपाल के इस पहल का समर्थन करने में प्रसन्न हैं। टाइप वन डायबिटीज के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को इस स्थिति का प्रबंधन करने में मदद करना महत्वपूर्ण है। हम इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन को जारी रखने के लिए मधुमेह चौपाल के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।आयोजन में डॉ. पवन जायसवाल, डॉ. मुख्तार खान, श्री आनंद पाटीदार, श्री मनोहर, श्री कपिल पांडे, डायटीशियन मिस नायमा खान और उनकी टीम भी मौजूद थीं।

## फैशन शो में ट्रांसजेंडर, विकलांग भी रैंप पर आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में रविवार को फैशन शो का जलवा देखने को मिला जहा एलिगेंट ऑफ इंटरनेशनल डिसाइग्नेर के तैयार पहनावे का प्रदर्शन किया गया। इस फैशन शो में ,ट्रांसजेंडर विकलांग भी रैंप पर वॉक करते नजर आये। इंदौर के निर्वाण होटल में आयोजित इस फैशन शो में कई शहरों के डिजाइनर मॉडल्स और मेक अप आर्टिस्ट ने भाग लिया ओर रैम्प पर मॉडलिंग करने वाले प्रतिभागियों की तालियों के साथ हौसला अफजाई की। इस शो मे महिला- पुरुष के साथ साथ ,ट्रान्सजेंडर म्यूनिटी के लोगो को भी प्लेटफार्म दिया जा रहा था लेकिन बजरंग दल की चेतावनी के चलते अतिंम मौके पर उन्हें रैम्प वॉक पर जगह नही दी गई।

# ड्रेनेज घोटाले के मुद्दे पर भाजपा की निगम परिषद को घेरेगी कांग्रेस

## 4 जून के बाद बड़ा आंदोलन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **नगर निगम के 100 करोड़ के घोटाले को लेकर कांग्रेस ने बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर के नेता व पदाधिकारियों को इसकी तैयारी करने के लिए कहा है। 4 जून को आचार संहिता समाप्त होने के बाद नगर निगम मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन होगा।**

इसमें शहरभर से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।नगर निगम में 25 सालों से भाजपा की परिषद काबिज है और बीते चार वर्षों में 100 करोड़ का घोटाला हुआ है। कांग्रेस नेता इसे लेकर अब शहर में माहौल बना रहे है।

सोमवार को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने मीडिया को बताया कि घोटाले में शामिल अफसरों को भाजपा के जनप्रतिनिधियों का प्रश्रय मिला है। घोटाले का मास्टरमांइड अभय राठौर निलंबित था, लेकिन पिछले दिनों उसे बहाल कर फिर बिजली शाखा की जिम्मेदारी दी गई थी। इस नियुक्ति के पीछे भी भाजपा से जुडे नेतागणों का हाथ है।

### पार्षद करेंगे भूख हड़ताल

शहर के 500 क्षेत्रों का प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने सोमवार को निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्षद नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे औरर कहा कि जब निगम बजट में कोई नया टैक्स लगाने या बढ़ाने की घोषणा नहीं की तो फिर टैक्स क्यों बढ़ाया जा रहा है। पार्षदों ने अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन को ज्ञापन दिया। पार्षदों ने कहा कि यदि नगर निगम ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो वे भूख हड़ताल करेंगे।

# इंदौर से महू के बीच चलेगी सिटी बस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू और इंदौर के बीच मंगलवार से सिटी बस का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस पर संज्ञान लिया है। उन्होंने एआईसीटीएसएल के संचालक को आदेशित किया की महू और इंदौर के बीच सिटी बस चलाई जाए। लिहाजा एआईसीटीसीएल द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर महू और इंदौर के बीच मंगलवार से सिटी बस का नियमित संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे डेली अप डाउनर्स को काफी राहत मिलेगी। कई लोग रोजाना महू और इंदौर के बीच अपडाउन करते हैं। वहीं रास्ते की लोकेशन के लिए भी इससे लोगों को फायदा होगा। कई कॉलोनियां भी इस बीच आती है। वहीं एआईसीटीएसएल पीआरओ माला ठाकुर ने बताया की महू-इंदौर के बीच सिटी बस संचालन का मामला प्रोसेस में था। बता दें रेलवे के मेगा ब्लॉक के कारण महू से ट्रेन का संचालन रोका गया है। शुरुआती जानकारी में 15 दिन के लिए ट्रेन का संचालन रोके जाने की जानकारी दी गई है लेकिन संभावना है कि इसमें ज्यादा समय लग सकता है। महू से ट्रेन से कई लोग इंदौर आते हैं। इसमें पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भी शामिल है। उन सभी लोगों को सिटी बस चलने से बड़ी राहत मिलेगी।

# पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन हुई खेलों की राजनीति में सक्रिय

## ❑ खो-खो संगठन की अध्यक्ष बनी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर लोकसभा सीट से लगातार सांसद रही पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन लंबे समय बाद फिर खेलों की राजनीति में सक्रिय हुई है। वे फिर मध्य भारत खो-खो संगठन की अध्यक्ष बनी है।

वे पहले भी इस संगठन की जिम्मेदारी संभाल चुकी है, लेकिन लोकसभा स्पीकर बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था, लेकिन राजनीति से दूर होने के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें फिर संगठन की जिम्मेदारी संभालने को कहा और वे निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। इंदौर में संगठन की सभा में उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। उनका कार्यकाल चार वर्षों के लिए रहेगा। ताई पहले भी आठ वर्षों तक इस संगठन की अध्यक्ष रह चुकी है। जब वे लोकसभा स्पीकर थी तब उन्होंने खो-खो व अन्य खेल गतिविधियों के लिए चिमनबाग मैदान में एक छोटा इनडोर स्टेडियम भी बनवाया था। ताई के अलावा सचिव पद नितिन कोठारी की नियुक्ति हुई है। इसके अलावा भाजपा पार्षद सुरेश टाकलकर, अशोक चव्हाण, राजू चिंतामण भी पदाधिकारी बने है। समारोह में ताई का शाल श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। अध्यक्ष बनने के बाद अब महाजन इस संगठन को मान्यता दिलाने का प्रयास करेंगी, क्योकि अभी मध्य प्रदेश खो-खो संगठन को खेल विभाग से मान्यता प्राप्त है। मध्य भारत संगठन से जुड़े खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेते है, लेकिन इस संगठन को वोटिंग पॉवर नहीं है।

### बम के मुद्दे पर भी मुखर थी महाजन

महाजन वैसे राजनीति से अब दूर है, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान वे कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम के भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर मुखर रही। उनके बयान भी चर्चित रहे। उन्होंने कहा कि शहर की जनता अक्षय के भाजपा में आने से नाराज थी और नोटा को वोट देने की बात कह रही थी।

# श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा का दो दिवसीय महोत्सव शुरू

## गूंजा नरहरि नंदलाल भजो नृसिंह गोपाल, मन्त्रोच्चार के बीच हुआ महाभिषेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में छत्रीबाग पोरवाल परिसर में सोमवार से दो दिवसीय नृसिंह जयंती महोत्सव की शुरूआत हुई। श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा द्वारा आयोजित महोत्सव की शुरूआत भगवान नृसिंह के महाभिषेक के साथ हुई। सोमवार अलसुबह पोरवाल भवन में समाजजन एकत्रित हुए। दंपत्तियों ने कुबेर महाराज के सान्निध्य में मन्त्रोच्चार के बीच भगवान नृसिंह का पंचामृत से अभिषेक किया। अभिषेक के साथ ही मंदिर परिसर में भक्तों ने नरहरि नंदलाल भजो नृसिंह गोपाल के जयकारें लगाए।

श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा अध्यक्ष रामदयाल फरकिया एवं सभा सदस्य अरूण पोरवाल ने बताया कि छत्रीबाग पोरवाल परिसर में दो दिवसीय नृसिंह जयंती महोत्सव की शुरूआत हुई। अभिषेक पूजन के बाद भगवान नृसिंह का मनोहारी श्रृंगार किया। महिला मंडल ने भजनों की प्रस्तुति के साथ ही भगवान नृसिंह से देश में सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की। अभिषेक पूजन में समाजसेवी कृष्णा घरिया, राजेश सेठिया, घनश्याम पोरवाल, मोहन धनोतिया, अशोक मेहता, महेश पोरवाल, रामस्वरूप पोरवाल, अजय मंडवारिया, गोपाल मजादिया, चंद्रशेखर पोरवाल, सुभाष धनोतिया, श्यामजी (राणापुर), देवेंद्र मेहता, संतोष मेहता, गिरीश जैन, मूनमून पोरवाल, राहुल धमोतिया सहित बड़ी संख्या में की पोरवाल समाजजन उपस्थित थे।

### संभाग आयुक्त दीपक सिंह को भेंट की मुद्रा पुस्तक

**इंदौर**। विश्व संग्रहालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संभाग आयुक्त दीपक सिंह को राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक गिरीश शर्मा आदित्य ने मुद्रा पुस्तक भेंट की। गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया यह पुस्तक मुद्रा विरासत व इतिहास को समझने में और युवाओं को मुद्रा संग्रहण करने में रूचि पैदा करेगी। इस मौके पर मेजर गुप्ता, दाऊलाल जौहरी, आलोक खादीवाला, शशिकांत भट्ट और निशांत पारीख सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# माचलपुर बुजुर्ग में विश्वकर्मा सोकाश शाखा द्वारा आयोजित किया गया परिचय सम्मेलन

## युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपना परिचय दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पिपलिया बुजुर्ग। 19 मई 2024 रविवार को महेश्वर विधान सभा के अन्तर्गत आने वाले और पिपलिया बुजुर्ग से 3 किमी की दुरी पर स्थित ग्राम माछलपुर बुजुर्ग के नाग मंदिर परिसर में श्री विश्वकर्मा नवयुवक सेवा समिति मध्य प्रदेश के तत्वावधान में सोकाश शाखा के युवक-युवतीयो का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा सोकाश शाखा के युवक-युवतियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपना अपना परिचय दिया। इस कार्यक्रम में इन्दौर, खण्डवा, धामनोद, कसरावद सनावद, बड़वाह खरगोन,ठिकरी,हरदा, देवास के साथ साथ आसपास के क्षेत्र के लगभग 1000 महीला पुरुष शामिल हुए। विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर पहुंचकर अपना परिचय दिया युवक-युवतियों ने शानदार तरीके से अपना परिचय दिया इस कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने नवयुवक सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में तत्पर रहते हुए सहयोग का भरोसा भी दिया।**






इस कार्यक्रम के शुरुआत में समीति के सहसचिव श्री गौरीशंकर जी कर्मा ने श्री विश्वकर्मा नवयुवक सेवा समिति मध्य प्रदेश के प्रारंभ होने से वर्तमान तक की जानकारी एवं किए गए कार्य का विवरण दिया और कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। इसी कड़ी में अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार रखे गए और आगामी समय में वरिष्ठ जनों से समीति के पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाशचंद जी कर्मा ( सीएमओ) धामनोद और कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री नत्थू लाल जी कर्मा भोपाल एवं खरगोन के वरिष्ठ शिक्षक श्री लक्ष्मण जी कर्मा ने अपने विचार रखे और कहा की हमारे समाज के लिए इस तरह के कार्यक्रम अति आवश्यक है एवं समीति का प्रयास सराहनीय है मंच पर विश्वकर्मा नवयुवक सेवा समिति मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री महादेव जी कर्मा ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष श्री राधेश्याम जी कर्मा इंदौर आदरणीय जगन्नाथ जी कर्मा पिथमपुर, श्री देवानंद जी कर्मा धामनोद, गंगाबिसन जी कर्मा मुंडासेल, जगदीश जी कर्मा माछलपुर ,श्री देवानंद जी कर्मा धामनोद,रिटायर्ड फौजी श्री पुष्पेंद्र जी कर्मा सनावद उपस्थित रहे वहीं महिला मंडल में श्री मति गायत्री पढरी जी कर्मा खरगोन, कुमारी हिमानी दिलीप जी कर्मा पिपलिया बुजुर्ग, श्री मति संगीता दिलीप जी कर्मा इंदौर,और श्रीमति सोनु दिनेश जी कर्मा धामनोद उपस्थित रहीं। मंच संचालन आदरणीय श्री संजय जी कर्मा सर और आदरणीय गौरीशंकर जी कर्मा किया । कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री कमलचन्द्र कर्मा सर ने कार्यक्रम में पधारे सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# उज्जैन के स्टूडेंट बोले- मोदी जी हमें यहां से निकालिए

## किर्गिस्तान में हिंसा के बीच फंसे; कहा- हॉस्टल में घुसकर मार रहे क्रिमिनल्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। किर्गिस्तान में हो रही हिंसा के बीच उज्जैन के 10 से ज्यादा स्टूडेंट्स वहां फंसे हैं। वे इतने डरे और सहमे हुए हैं कि किसी भी तरह जल्द से जल्द भारत वापस आना चाहते हैं। उन्होंने पीएम मोदी से रेस्क्यू की गुहार लगाई है।**

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक और आसपास के इलाकों में भारतीय, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी स्टूडेंट्स को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है। भारत से कई स्टूडेंट्स मेडिकल की पढ़ाई के लिए किर्गिस्तान में हैं।

**क्रिमिनल्स हॉस्टल में घुसकर मार रहे-** किर्गिस्तान के बिश्केक में रह रहे उज्जैन के राज सोलंकी ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा, ह्वहमारी जान पर खतरा है। क्रिमिनल्स हॉस्टल में घुसकर मार रहे हैं। कोई सिक्योरिटी नहीं है, गेट लॉक कर और परदे लगाकर रखने को कहा जा रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि 3 से 4 पाकिस्तानी बच्चों का मर्डर भी हो चुका है। पीएम मोदी से रिक्वेस्ट है कि हमें जल्द यहां से निकालें।

राज सोलंकी उज्जैन में अपने मामा डॉ. विजय बोड़ाना के पास रहते थे। एक साल पहले ही किर्गिस्तान में एमबीबीएस करने गए हैं।

**पीएम मोदी हमें जल्द निकालें, पाकिस्तान अपने स्टूडेंट्स निकाल चुका-** राज सोलंकी ने वीडियो कॉल पर बताया, यहां कुछ भी ठीक नहीं है। पिछले तीन दिन से रात होते ही भीड़ हॉस्टल में घुसकर बाहरी स्टूडेंट्स को पीट रही है। जब तक बेहोश नहीं हो जाएं, तब तक पीटा जा रहा है। अराजकता फैली हुई है। इंडियन एम्बेसी में फोन लगाया तो उन्होंने भी मदद नहीं की। पीएम मोदी से रिक्वेस्ट है कि इंडियन स्टूडेंट्स को यहां से जल्द से जल्द निकालें। पाकिस्तान ने दो प्लेन भेजकर अपने स्टूडेंटस को निकाल लिया है। हम यहां फिलहाल एक बड़े से हॉल में ठहरे हुए हैं।

**उज्जैन के योगश भी किर्गिस्तान में फंसे-** किर्गिस्तान में एमबीबीएस की पढ़ाई भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश के मुकाबले काफी सस्ती है। फिलहाल परिस्थियों को देखते हुए किर्गिस्तान सरकार ने एग्जाम को ऑनलाइन कराने का फैसला किया है। उज्जैन के योगेश चौधरी भी किर्गिस्तान में एमबीबीएस कर रहे हैं। वे फोर्थ ईयर में हैं। उनके पिता डॉ. चैनसिंह चौधरी बताते हैं कि अगर सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो दिल्ली जाकर विदेश मंत्री के सामने अपनी बात रखेंगे।

**हम हॉस्टल से बाहर निकलकर खाना तक लेने नहीं जा पा रहे-** नारायणा गांव के विवेक शर्मा किर्गिस्तान में एमबीबीएस के थर्ड ईयर के छात्र हैं। विवेक ने वीडियो कॉलिंग पर बताया कि यहां हिंसा करने वालों में क्रूरता भरी हुई है। वह क्रूर तरीके से छात्रों के साथ मारपीट कर रहे हैं। हॉस्टल में हमें खाने-पीने और जरूरत के दूसरे सामान के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। खाना तक लेने के लिए हम बाहर नहीं निकल सकते हैं। बस हम सभी जल्द भारत वापस आना चाहते हैं।

**मिस्त्र के छात्रों से लड़ाई के बाद निशाने पर विदेशी स्टूडेंट्स-** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिश्केक में 13 मई को मिस्त्र और किर्गिज छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद स्थानीय किर्गिज छात्रों ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेशी छात्रों को निशाने पर ले लिया।

# 23 दिन बाद शेयर किया मतदान केंद्र का वीडियो

### ❒ वोटर पर एफआइआर पूर्व मंत्री-विधायक पर भी हो चुका है एक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में अब कटनी में भी एफआइआर दर्ज हुई है। खजुराहो लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के बहोरीबंद में वोटिंग के 23 दिन बाद मतदान केंद्र का वीडियो वायरल करने के मामले में एक युवक पर प्रकरण दर्ज किया है।

बताया जाता है कि कटनी जिले के बहोरीबंद में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। यहां मतदान केंद्र क्रमांक 141 के मतदान कक्ष के अंदर का वोट डालने का वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया गया। इसके बाद मतदान केंद्र की गोपनीयता भंग करने के मामले में पीठासीन अधिकारी पंकज पटेल की सूचना पर स्लीमनाबाद पुलिस ने मतदाता पंकज साहू के खिलाफ 18 मई को एफआइआर दर्ज की है।

इससे पहले हरदा में पूर्व मंत्री कमल पटेल, भोपाल में विधायक आरिफ मसूद और जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की गई है। वहीं, हरदा की महिला जिला शिक्षा अधिकारी और भोपाल के पीठासीन सस्पेंड किए गए।

**पीठासीन अधिकारी ने दर्ज कराई शिकायत-** बहोरीबंद मामले में पीठासीन अधिकारी पंकज पटेल ने थाना प्रभारी स्लीमनाबाद को आवेदन दिया। कहा- उनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के पद पर शासकीय हाई स्कूल भवन स्लीमनाबाद के मतदान केंद्र क्रमांक 141 में थी। मतदान दल में पी-1 दिलीप कुमार द्विवेदी, पी-2 मंगल सिंह गौंड एवं पी-3 अजय मसीह साथ थे। यहां वोटिंग के दौरान वोटर ने वीडियो बनाया। जिसे 18 मई को वायरल किया गया।

**एसडीएम ने कहा- 18 मई को वीडियो अपलोड किया-** बहोरीबंद एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अफसर ने पीठासीन अधिकारी पंकज पटेल को बताया कि स्लीनाबाद निवासी मतदाता पंकज साहू ने 26 अप्रैल को मतदान प्रारंभ होने के समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच ईवीएम में वोट डालने का वीडियो बनाया, और उसे सोशल मीडिया पर 18 मई को दोपहर करीब 2.15 बजे अपलोड कर दिया। इससे मतदान की गोपनीयता भंग हुई है। इस मामले में पंकज साहू के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 128 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# मालवा एक्सप्रेस में तीन युवकों पर चाकू से हमला

### पेंट्रीकार के 13 कर्मचारियों को लिया हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर को इंदौर से कटरा तक चलने वाली मालवा एक्सप्रेस ट्रेन के पेंट्रीकार के स्टाफ ने तीन यात्रियों पर धारदार चाकू से हमला कर दिया है। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सूत्रो के अनुसार जिला अस्पताल में तीनों घायलों का इलाज जारी है। रेलवे सुरक्षाबलों ने पेंट्रीकार में काम करने वाले 13 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मक्सी रेलवे स्टेशन पर इंदौर से कटरा जा रही मालवा एक्सप्रेस में सोमवार को ट्रेन के पेंट्रीकार के स्टाफ और तीन यात्रियों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि पेंटीकार के कर्मचारी चाकूबाजी पर उतर आए। इस घटना में तीन यात्री घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें रेलवे पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया। जहां तीनों का उपचार जारी है। रेलवे पुलिस सूत्रो के अनुसार मालवा एक्सप्रेस उज्जैन से मक्सी के लिए रवाना हुई थी।

# खंडवा में खरगोन के छात्र की हत्या

### दोस्त हिरासत में, पिता से कहा था-घर आ रहा हूं, लापता हो गया, जमीन में गड़ा मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में खरगोन के छात्र की उसके दोस्तों ने ही हत्या कर दी। शव जंगल में गाड़ दिया। पुलिस ने शक के आधार पर एक दोस्त को हिरासत में लिया। उसकी निशानदेही पर सोमवार दोपहर 12 बजे शव गडढे से निकाला गया। छात्र 17 मई से लापता था। पुलिस की जांच आपसी विवाद और प्रेम प्रसंग के एंगल पर टिकी हुई है।

22 साल का पंकज करोड़े (गुर्जर) खरगोन में भीकनगांव के सिराली गांव का रहने वाला था। उसका शव खंडवा जिले के भैरूखेड़ा के जंगल में मिला। वह सनावद में बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। पिता पूनमचंद करोड़े किसान हैं। छोटा भाई चंदन इंदौर में पढ़ाई कर रहा है।

पंकज ने 17 मई को पिता को फोन कर बताया था कि वह घर आ रहा है लेकिन रात 10 बजे तक नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल भी बंद हो गया। 18 मई को परिजन उसकी तलाश करते रहे। रात में भीकनगांव पुलिस से गुमशुदगी की शिकायत की।

पूछताछ के दौरान परिजन ने पुलिस को बताया, ह्वकुछ दिन पहले पंकज का विवाद गांव के ही रहने वाले उसके दोस्त प्रदीप से हुआ था।ह्व इसके बाद पुलिस ने प्रदीप को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। सख्ती बरती तो वह टूट गया और दो अन्य दोस्तों के साथ पंकज की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

#### प्रदीप ही बाइक से छात्र को लेने पहुंचा था

पंकज ने 17 मई की शाम सनावद से घर सिराली आने के लिए बस पकड़ी। बस सनावद से 25 किलोमीटर दूर दौड़वा गांव तक जाती है। यहां से सिराली गांव 10 किलोमीटर दूर है। बताया जा रहा है कि प्रदीप ही उसे बाइक से लेने यहां तक आया था। वह दौड़वा से उसे सिराली न ले जाकर धनगांव के पास भैरूखेड़ा गांव की ओर ले गया।

#### 4 दिन में गल चुकी थी लाश, बारीकी से खोदकर निकाली

हत्याकांड को 4 दिन हो चुके हैं। रविवार की रात भीकनगांव पुलिस मौके पर पहुंची तो गड्ढे से बाहर सिर्फ हाथ दिखाई दे रहा था। इसी हाथ के आधार पर परिवार ने पुष्टि कर दी कि ये पंकज की ही लाश है। सोमवार सुबह पुलिस वापस घटनास्थल पर पहुंची और गड्ढा खोदकर शव को बाहर निकाला। 4 दिन के भीतर लाश पूरी तरह गल चुकी थी। मिट्टी और तेज धूप भी इसकी वजह रही। पुलिसकर्मियों ने गड्ढे को बारीकी से खोदकर शव को बाहर निकाला।

# तेंदुपत्ता तोड़ रही किशोरी पर जंगली सूअर का हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी।** सीधी जिले के आदिवासी क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य लगातार चल रहा है। इस संग्रहण कार्य के दौरान कई बार वन्य जीव लोगों पर हमला भी कर देते हैं। ऐसा ही मामला जिले के बहरी क्षेत्र अंतर्गत बिलारो से सामने आया है। जहां सोमवार के दिन आरती साकेत अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जंगल में गई हुई थी। तभी जंगली सूअर ने उसे पर हमला कर दिया। हमला इतना भीषण था कि उसे कमर और पैर पर गंभीर रूप से चोट आई है। घायल आरती को उसके परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी ले गए। जहां से हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल सीधी के लिए रेफर कर दिया है।

# मां ने जहर पीया, बेटे-बेटी को भी दिया, महिला की मौत

### बच्चे आईसीयू में; सुसाइड नोट में लिखा-किसी का दोष नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में महिला ने पानी में जहर मिलाकर पी लिया। अपने 14 साल के बेटे और 6 साल की बेटी को भी पिला दिया। मां ने उल्टी की तो बेटे ने नाना को फोन लगाया। पड़ोस के परिवार को जगाकर जहर पीने की बात बताई। लोग महिला और दोनों बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला की मौत हो गई। दोनों भाई-बहन भर्ती हैं। घटना चिमनंगज मंडी इलाके में रतन एवेन्यू कॉलोनी की है। पुलिस ने बताया कि सीमा त्रिवेदी (37) ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। फिलहाल, हम जांच कर रहे हैं कि इस कदम के पीछे क्या वजह रही?

सीमा के पिता बालू सिंह ने बताया कि हम धुलेटिया में रहते हैं। 15 दिन दोनों बेटियां मायके में रहीं। दो दिन पहले ही सीमा अपने घर लौटी थी। रविवार रात 2.40 बजे नाती अक्षत का फोन आया। उसने बताया कि सीमा ने माही और उसे पानी में कुछ मिलाकर पिलाया है। खुद भी पी लिया है। मम्मी की हालत खराब हो रही है। मैंने तुरंत उसे आसपास वालों को जगाने का बोला। इसके बाद तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बालू सिंह ने कहा कि सीमा का पति कमल त्रिवेदी नीमच में दिलीप बिल्डकॉन कंपनी में काम करता है। बेटी ने कभी भी अपने सुसरालवालों की शिकायत नहीं की। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, नहीं पता?

सीमा की शादी 2010 में कमल त्रिवेदी से हुई थी। कमल नीमच में जबकि सीमा अपने दो बच्चों और सास के साथ उज्जैन के रतन एवेन्यू में रह रही थी। घटना के वक्त सास घर में थीं लेकिन सो रही थीं। वे भी बाहर गई थीं, शनिवार को ही लौटी हैं। चिमनगंज थाने की एसआई प्रियंका नायक ने बताया कि सीमा ने रात करीब 12 बजे पति से बात की थी।

# संपादकीय

## आतंकी वारदातें और सरकार के दावे

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद से दावा किया जाता रहा है कि घाटी में आतंकवादी गतिविधियां कम हो गई हैं। दहशतगर्द केवल कुछ इलाकों तक सिमट गए हैं। मगर थोड़े-थोड़े समय पर जिस तरह आतंकवादी अपनी रणनीति बदल कर कभी सामान्य नागरिकों, तो कभी सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने में कामयाब हो जा रहे हैं, उसे देखते हुए सरकार के दावे पर यकीन करना मुश्किल होता है। शनिवार रात को भी दो जगहों पर आतंकी हमले हुए। शोपियां में एक स्थानीय भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पहलगाम में राजस्थान से गए एक पर्यटक दंपति को गोली मार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया। इसी महीने वायुसेना के एक काफिले पर हमला कर एक सैनिक की हत्या कर दी गई। उसमें पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। करीब महीने भर के भीतर बाहरी लोगों को निशाना बना कर और सैनिक काफिले पर घात लगा कर हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि आखिर घाटी में आतंकवाद को समाप्त करने के तमाम दावे खोखले क्यों साबित हो रहे हैं। इस तरह कब तक निर्दोष लोग और सैनिक दहशतगर्दों का शिकार बनते रहेंगे। पिछले नौ-दस वर्षों से कश्मीर घाटी में निरंतर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर उनके बैंक खाते बंद किए गए और उन्हें सलाखों के पीछे डाला गया है। सीमा पार से घुसपैठ करने वालों पर चौकस नजर रखी जाती है। सड़क के जरिए पाकिस्तान से होने वाली तिजारत बंद है। नोटबंदी के बाद दावा किया गया था कि इससे आतंकवादी संगठनों तक वित्तीय मदद पहुंचनी बंद हो जाएगी। विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में सैन्य सक्रियता बनी रही। खुफिया एजंसियां पहले से काफी चाक-चौबंद हुई हैं। इन सबके बावजूद अगर आतंकी संगठन घाटी में न सिर्फ सक्रिय हैं, बल्कि अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब भी हो रहे हैं, तो सरकार की रणनीति और सुरक्षाबलों की तैयारियों पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

**अर्ज किया है..!**

*आगही कर्ब वफ़ा सब्र*
*तमन्ना एहसास*
*मेरे ही सीने में उतरे हैं*
*ये ख़ंजर सारे*

*-बशीर फ़ारूक़ी*




**Health is Wealth**

## बच्चों की ग्रोथ के लिए
# सॉलिड फूड है जरूरी
### इन साइन के दिखते ही खिलाना करें शुरू



छोटे बच्चों को अक्सर 6 महीने का होने के बाद से ही ठोस खाना देना शुरू कर दिया जाता है। कुछ दादी-नानी बच्चों 4 महीने की उम्र से ही मां के दूध के अलावा चीजें देना शुरू कर देते हैं। बच्चे के विकास के लिए ठोस खाना जरूरी है, लेकिन ये कब देना है ये जानना सबसे जरूरी है। जरूरी नहीं की आप 6 महीने पूरे होते ही बच्चे को ठोस खाना देना शुरू कर दें। क्योंकि कई बार बच्चे तैयार नहीं होते हैं और उन्हें लूज मोशन जैसी समस्या होने लगती है। ऐसे में बच्चों में दिख रहे साइन को देखकर ही उन्हें ठोस खाना खिलाना शुरू करें-

#### जब बच्चा सीख जाए बैठना

6 महीने पूरे होने के बाद भी अगर बच्चा ठीक से नहीं बैठता है तो यह समय है कि आपको कुछ दिन रुकना चाहिए। ध्यान दें कि जब बच्चा कुर्सी पर सीधा बैठने लगे तो समझ लें कि वह ठोस खाना खाने को तैयार है। खाना खाकर बच्चे की सेहत ना बिगड़े इसके लिए ये ध्यान देना जरूरी है कि बच्चा सही से बैठने लगे।

#### सिर पर नियंत्रण

कुछ बच्चों का सिर स्थिर नहीं हो पाता है। अगर बच्चे का सिर स्थिर नहीं हो रहा है तो बच्चे को घुटन हो सकती है। जब सिर स्थिर होगा तो उन्हें खाना ठीक से निगलने में मदद मिलती है।

#### जब चीजों को चबाए बच्चा

अगर आपका बच्चा खिलौनों या दूसरी चीजों को मुंह में लेता है और चबाता है, तो यह संकेत दे सकता है कि वह खाना खाने के लिए तैयार है। आप बच्चों को चबाने के लिए खीरा, गाजर दे सकते हैं। ऐसा करने से बच्चों को टीथिंग में भी मदद मिलती है।

Bihar

# बिहार के सारण में चुनाव बाद हिंसा, गोलीबारी में एक की मौत, दो घायल, 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की सारण लोकसभा सीट पर सोमवार को हुए पांचवें चरण के मतदान के बाद हिंसा की खबर है. इस सीट से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की ओर से रोहिणी आचार्य उम्मीदवार हैं. वह सोमवार शाम को मतदान खत्म होने के बाद छपरा शहर के जिस बूथ पर पहुंची थी, वहां जमकर हंगामा हुआ.

इस मामले में विवाद बढ़ने पर सारण में मंगलवार को दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन लोगों को गोली लगी. इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दो लोग बुरी तरह से घायल हैं. इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि दो दिनों के लिए सारण में इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है.



घटना के बाद छपरा के भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है. मौके पर एसपी और डीएम भी मौजूद हैं. बता दें कि सोमवार शाम को आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य इसी इलाके के बूथ संख्या 118 पर पहुंची थी.

इस घटना के एक चश्मदीद स्थानीय नागरिक ने बताया कि दोनों तरफ से बहुत लोग थे. बहुत भीड़ थी. दोनों तरफ से लोग लाठी-डंडा लेकर आए थे. गोलियां भी चली. तीन लोगों को गोली लगी है.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि रोहिणी आचार्य ने बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं के साथ गलत बर्ताव किया था, उनके साथ समर्थक भी थे. रोहिणी आचार्य को आक्रोशित भीड़ को देखते हुए वहां से निकलना पड़ा था लेकिन मंगलवार सुबह नए सिरे से विवाद बढ़ा तो गोलीबारी हुई.

Uttarpradesh

## ये होती है जिम्मेदारी... ऐसा DM जिसने 100 प्रतिशत वोटिंग के लिए ऑफिस से दिलवाई छुट्टी, फ्लाइट से आया वोटर



**ललितपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के तीन बूथों पर 100 फीसदी मतदान हुआ है. ऐसा इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि यहां के जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने वोट डालने के लिए केवल प्रचार करते हुए बैनर-पोस्टर ही नहीं लगवाए बल्कि जिम्मेदारी समझते हुए वोटरों को बूथ तक पहुंचवाने में मदद की. इतनी ही नहीं जो लोग दूसरे शहरों में रह रहे थे, उन्हें भी वोट डालने के लिए बुलाया गया. किसी को ऑफिस से छुट्टी दिलाई गई तो कोई वोटर फ्लाइट से आया. झांसी-ललितपुर सीट पर सबसे अधिक वोटिंग ललितपुर विधानसभा क्षेत्र में ही हुई. हालांकि पिछले चुनाव की तुलना में यहां तीन फीसदी मतदान कम हुआ. इसके बावजूद तीन गांवों ने इतिहास रच दिया. मड़ावरा ब्लॉक के सौलदा, बुदनी नाराहट और बिरधा ब्लॉक के बम्हौरी नागल में शत-प्रतिशत मतदान हुआ है. दिलचस्प बात ये है कि इन गांवों के एक-एक वोटर को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए मतदानकर्मियों ने वोटर्स को बेंगलुरु और दिल्ली से बुलाया था. जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ललितपुर जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए लंबे समय से कवायद की जा रही थी. ग्रामीणों को जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए मतदान का महत्व बताकर प्रेरित किया जा रहा था. सौलदा गांव में 357 मतदाता हैं. इनमें से एक मतदाता शेर सिंह बेंगलुरु में रहते हैं. उन्हें सचिव, बीएलओ ने संपर्क किया तो वो वहां से फ्लाइट पकड़कर भोपाल पहुंचे और फिर वहां से गाड़ी के जरिए ललितपुर पहुंचे.

Maharashtra

## महज 12 साल के भाई ने 3 साल बड़ी बहन को किया प्रेग्नेंट, पोर्न देखने के बाद रेप

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. खबर है कि यहां एक नाबालिग लड़के ने अपनी ही 15 साल की बहन को गर्भवती कर दिया. पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. साथ ही केस को खंडेश्वर पुलिस को दे दिया है. ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश से भी सामने आया था, जहां दो भाइयों को 14 साल की अपनी बहन के कथित बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

रविवार को पुलिस ने 13 साल के लड़के के खिलाफ 15 साल की बहन के बलात्कार का केस दर्ज कर लिया है. दोनों के माता-पिता बेटी के तीन महीने के गर्भ को गिराने के लिए अस्पताल पहुंचे थे. इसके चलते वाशी जनरल हास्पिटल ने ने मेडिको लीगल केस यानी MLC की जानकारी दी थी. पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं.

लड़की ने पुलिस को बताया कि दोनों ने पोर्न देखा था और उसके बाद छोटे भाई ने उसे गर्भवती कर दिया. मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी है कि दोनों ने पहली बार दिसंबर में सेक्स करने की कोशिश की थी, लेकिन ऐसा नहीं कर सके थे. इसके बाद बलात्कार की घटना हुई.

New Delhi

## पूर्व पतियों के खिलाफ केस में दो महिलाओं पर ही क्यों भड़का हाई कोर्ट, क्रूरता के लगाए थे आरोप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए दो महिलाओं पर जुर्माना लगाया. इन महिलाओं ने अपने पूर्व पतियों के खिलाफ क्रूरता में केस दर्ज कराया था. हाई कोर्ट इनके पूर्व पतियों की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी. हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि दोनों पक्षों में वैवाहिक विवाद का निपटान हो चुका है और दोनों महिलाओं ने गुजारा भत्ता भी स्वीकार कर लिया है लेकिन, पूर्व पतियों के खिलाफ केस वापस नहीं लिया है. जिस पर हाई कोर्ट ने दोनों महिलाओं को फटकार लगाई और जुर्माने का आदेश जारी किया. न्यायमूर्ति सुमीत गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने 1 मई और 15 मई के दो अलग-अलग मामलों में यह आदेश पारित किया. हाई कोर्ट ने दोनों महिलाओं पर 40 हजार और 25 हजार का जुर्माना लगाने का आदेश दिया. कोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि कानूनी कार्यवाही में देरी के लिए महिलाओं के मन में कड़वाहट की भावना उचित नहीं है. दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है, बावजूद इसके दोनों महिलाएं पूर्व पतियों के खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इनकार कर रही हैं. बार एंड बेंच में छपि खबर के मुताबिक, दरअसल, इन महिलाओं के पूर्व पतियों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था.

खेल

# लीग स्टेज में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज मैक्सवेल-सूर्या के नाम शून्य का अनचाहा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 का लीग राउंड खत्म हो चुका है. मंगलवार से प्लेऑफ राउंड की शुरुआत होने जा रही है. दो क्वालिफायर और एक एलिमिनेटर के बाद रविवार को फाइनल खेला जाएगा. लीग राउंड में कई बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिले. इस दौरान कई रिकॉर्ड्स भी टूटे. सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों से लेकर, उच्चतम स्कोर और सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड टूट चुका है. इस सीजन बल्लेबाजों ने खुलकर अपने शॉट्स खेले और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी जबरदस्त रहा. हम आपको इस सीजन अब तक सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में बता रहे हैं.



### मैकगर्क और अभिषेक सीजन के उभरते सितारे

इस सत्र में कम से कम 300 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट जेक फ्रेजर मैकगर्क का रहा है. उन्होंने नौ पारियों में 234.04 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए. हालांकि, उनकी टीम दिल्ली प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाई. वहीं, दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा हैं. इस भारतीय बल्लेबाज ने इस सीजन 13 पारियों में 209.41 के स्ट्राइक रेट से 467 रन बनाए हैं. अगर प्लेऑफ में अभिषेक का बल्ला चलता है तो उनकी टीम खिताब भी जीत सकती है.

तीसरे नंबर पर अभिषेक के ही ओपनिंग पार्टनर ट्रेविस हेड हैं. हेड ने इस सीजन 12 पारियों में 201.13 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं. हेड का फॉर्म पिछले साल हुए वनडे विश्व कप से ही बेहतरीन रहा है. अगर प्लेऑफ में अभिषेक और हेड टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाने में कामयाब रहते हैं तो उनकी टीम को चैंपियन बनने से कोई नहीं रोक सकेगा.

### कार्तिक के बल्ले ने भी इस सीजन उगले रन

इस लिस्ट में चौथे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 38 वर्षीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हैं. कार्तिक भले ही आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए हों, लेकिन उनका बल्ला खूब चला है. कार्तिक ने इस साल आईपीएल में 12 पारियों में 195.65 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 315 रन बनाए हैं. वहीं, पांचवें नंबर पर दिल्ली के ट्रिस्टन स्टब्स हैं. स्टब्स ने इस साल आईपीएल में 13 पारियों में 190.90 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं. हालांकि, ये आंकड़े उन बल्लेबाजों के हैं जिन्होंने इस सत्र में 300 से ज्यादा रन बनाए हैं.

### धोनी का स्ट्राइक रेट भी रहा है शानदार

इस पैमाने को यानी कम से कम 300 रन बनाने वाले बल्लेबाजों के पैमाने को निकाल दिया जाए तब भी सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों में जेक मैकगर्क शीर्ष पर हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी की एंट्री हो जाएगी। उन्होंने इस साल 220.54 के स्ट्राइक रेट से 11 पारियों में 161 रन बनाए। इसके अलावा अभिषेक तीसरे पर, जबकि चौथे नंबर पर केकेआर के रमनदीप होंगे।

सिनेमा

## परिवार के साथ खाना खा रहे थे एक्टर, घर में लग गई आग, जलकर राख हुई कीमती चीजें



ट्रांसजेंडर एक्टर सुशांत दिवगीकर उर्फ रानी कोहीनूर के घर आग लगने की घटना सामने आई है. एक्टर के घर हुए इस हादसे ने काफी नुकसान किया है. इस बात का खुलासा उनके क्लोज फ्रेंड ने किया. सुशांत के दोस्त ने बताया कि शनिवार को उनके घर ये हादसा हुआ था, तब वो अपने परिवार के साथ डिनर कर रहे थे. हालांकि हादसे में एक्टर और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. वो बिल्कुल ठीक हैं.

सुशांत के घर लगी आग की घटना से फैंस भी शॉक्ड हैं. उनसे हालचाल ले रहे हैं. टाइम्स नाउ को दिए इंटरव्यू में सुशांत के दोस्त ने बताया कि ये हादसा कैसे हुआ. सुशांत के मुंबई स्थित घर के लिविंग रूम में आग लगी. इसकी वजह एयर कंडीशनर में हुई शॉट सर्किट को बताया जा रहा है. उस वक्त सुशांत अपनी फैमिली के साथ डिनर कर रहे थे. एकदम से एसी में से धुआं उठा और आग लग गई. आग लगी तो फैलते देर ना लगी. लिविंग रूम से होते हुए किचन और बाकी कमरों तक भी पहुंच गई. आग की वजह से सुशांत का काफी नुकसान हुआ है. उनके घर में रखी कई कीमती चीजें जल गई हैं. उन्हें सम्मान में दी गई ट्रॉफीज तक जल गईं. उनका मेकअप किट, ऑफिशियल डॉक्यूमेंट तक इस आग में तबाह हो गया. हालांकि इससे पहले की और देर होती दमकल विभाग ने आकर आग पर काबू पाया.




1. **Girl who was under treatment for rare brain infection dies**
2. **Rajiv left numerous legacies we take for granted now: Jairam**
3. **Pune boy's Porsche wasn't registered, ₹44 lakh road tax was unpaid**
4. **It's a murder, not accident: Family of 24-yr-old techie killed in Porsche crash in Pune**
5. **Minister Dinesh Gundu Rao condemns MLA Harish Poonja's actions**

# Will web traffic die? Sundar Pichai on AI search amid publisher backlash

**NEW DEIHI, (Agency).** Sundar Pichai responded to concerns with respect to Google's implementation of AI-powered search results. This comes after publishers rallied against Google's new system which they feat could be a "death blow" to traffic. The debate sparked a discussion about the future of the web which Sundar Pichai said that he remains optimistic about as Google is committed to prioritising high-quality content and user satisfaction.

He said, "I do see the capability frontier continuing to move forward. I think we are a bit limited if we were just training on text data, but I think we are all making it more multi-model, so I see more opportunities there"- referencing Google's AI model Gemini.



Talking about worries of publishers who fear losing web traffic, Sundar Pichai said that the change in Google search is similar to a shift from desktop to mobile web browsing. He said, "Empirically, what we are seeing throughout these years, I think human curiosity is boundless. When people come, and it's something I think we have deeply understood in search, more than any other company, I think we will differentiate ourselves in our approach even through this transition."

Emphasizing value of user feedback in driving development, he said, "At the end of the day, we are trying to satisfy user expectations, and users are voting with their feet." He cited data showing increased click-through rates on links embedded within AI overviews, concluding that "It actually helps them understand, and so they engage with content underneath too."

# Schengen visas fee hiked by 12%: How your trip to Europe can get costlier now

**NEW DEIHI, (Agency).** Those who are planning a trip to Europe, specifically to countries falling in the Schengen area, can now expect their trip to get costlier due to a visa fee hike. The European Commission is set to increase the Schengen visa fees from June 11, 2024, reported The Economic Times.

The Slovenian ministry of foreign and European affairs confirmed the same, reported The Economic Times. According to the revised rates, visa fees for adults will increase from €80 to €90, while visas for children aged six to




twelve will increase from €40 to €45.

The Slovenian government said in a statement, "The European Commission adopted a decision to increase short-stay Schengen visa (visa type C) fees worldwide by 12 percent. The increase will apply worldwide as of 11 June 2024."

The countries not cooperating with the visa price hike with the readmission of their irregularly staying citizens in the EU may face the fee rising to €135 or €180.

The EU Visa fees is reviewed every three years, as mandated by the Schengen Visa Code. The fee increase is taking place on the basis of a review in December 2023, citing the inflation in the European Union and increase in civil servants' salaries as the reason for the hike.

# जागरूक एवं सतर्क नहीं है तो सायबर अपराध का शिकार कोई भी हो सकता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सायबर जागरुकता को लेकर डा.वरुण कपूर अति,पुलिस महानिदेशक की कार्यशाला उत्कर्ष एकेडमी में आयोजित की गई। इस कार्यशाला मे सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया** ।

कार्यशाला में मुख्य रूप से एकेडमी के सीटी हेड चुनिन्दर कुमार,आयुष पाण्डे एवं सतेंद्र कुमार उपस्थित थे। डा.कपूर ने संबोधित करते हुए कहा कि सायबर बुलिंग,फिशिंग,स्पम ईमेल, सोशल मिडिया पर अफवाह फैलाना ,फर्जी बैक के काल सायबर क्राइम की श्रेणी में आते हैं। इस तरह के सायबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इंटरनेट का उपयोग सभी आयुवर्ग के लोगों द्वारा किया जा रहा है । यदि जागरूक एवं सतर्क नहीं है तो सायबर अपराध का शिकार कोई भी हो सकता है । विशेषकर सायबर अपराधियों के निशाने पर महिलायें और बच्चें होते है । इन अपराधों को नियंत्रित करने के लिये सरकारों द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। कानून भी बनाये जा रहे हैं, लेकिन जनता को भी जागरूक होना होगा । सायबर अपराधों के पीछे ब्लेकमेलिंग, धमकी, बदले की भावना, लालच, सूचना प्राप्त करना इत्यादि उद्देश्य होते हैं। कई बार नौकरी एवं आर्थिक लाभ का लालच देकर व्यक्ति को फंसाया जाता है । इससे बचना है तो कभी भी अपनी निजी जानकारी

अनजान के साथ शेयर न करें । कई बार बैंक प्रतिनिधि बनकर आपके डेबिट कार्ड एक्सपायर होने का बोलकर अथवा कैवाईसी अपडेट करने के नाम पर जानकारी मांगी जाती है, जबकि बैंक/वित्तीय संस्थान फोन पर ऐसी कोई जानकारी नहीं मांगता और न ही कोई सुविधा प्रदान करता है । ऐसे कॉल का कोई प्रतिउत्तर न देवें और तुरंत बंद कर देवें । ई-मेल, मोबाईल नम्बर, बैंक खाते, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, ओटीपी इत्यादि किसी को न बतावें । प्रलोभन वाले ईमेल/मेसेज इत्यादि को अनदेखा करें । सोशल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीर न डालें। अपनी प्रायवेसी सेटिंग्स को पब्लिक न करें । सेंटिग्स ऐसी रखें कि आपसे जुड़े लोग ही देख सके । अनजान उन तक न पहुँच सके । कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं के पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी डा.कपूर ने दिया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभूति व्यास एव योगेश को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया । कार्यक्रम के अंत में एकेडमी हेड सत्येन्द्र कुमार द्वारा डॉ. वरूण कपूर को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यशाला में नीति दण्डोतिया, निरीक्षक पूनम राठौर सहित एकेडमी का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# कैफे के बाहर दो युवकों को मारे चाकू

### तीन युवकों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भंवरकुआ में बाइक निकालने की बात की पर एक कैफे के कर्मचारी पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। एक युवक बचाव करने पहुंचा। आरोपियों ने उसके पेट पर भी चाकू घोप दिया। कैफे संचालक ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई की है।**

भंवरकुआ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रेमचंद राठौर(24) निवासी जूनी इंदौर और अनय भाटी निवासी बियाबानी पर चाकूओं से हमला करने के मामले में पुलिस ने मोहम्मद अमीन,मोहम्मद अली और नदीम के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। प्रेम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गिरीराज बिल्डिंग के बिस्किट कैफे में जॉब करता है। रविवार रात 10:30 बजे वह अपनी बाइक निकाल रहा था। तब तीनों आरोपियों ने वहां बाइक अड़ा दी। उसने बाइक हटाने का कहा तो आरोपियों ने विवाद किया।

इस दौरान नदीम नाम के लडक़े ने चाकू लेकर पेट में मार दिया। इस दौरान अनय बचाव करने आया तो नदीम ने उसके पेट में भी चाकू घोंप दिया। इसके बाद दोनों जमीन पर गिर गए। बाद में आरोपी मौके से बाइक से फरार हो गए। कैफे के संचालक और अन्य लोगो ने उन्हें अस्पताल भेजा। बाद में पुलिस ने प्रेमचंद के बयान लिये है। इस पर आरोपियों पर कार्रवाई की है।

# बीजेपी विधायक के पोते ने की खुदकुशी

### लॉ की पढ़ाई करने आया था, दोस्ती में विवाद की बात सामने आई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गांधी नगर में खिलचीपुर के विधायक के पोते ने सोमवार देर रात सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम विजय (19) पिता बापूलाल दांगी है। विजय खिलचीपुर से भाजपा विधायक हजारीलाल दांगी का पोता था।**

विजय इंदौर में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। सुसाइड के पीछे दोस्ती का कारण सामने आ रहा है। पुलिस के मुताबिक शव को सोमवार रात को ही जिला अस्पताल भेजा गया है। यहां विधायक के रिश्तेदार भी पहुंच चुके हैं। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद विजय का शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## तीन दिन पुराना शव मिला

**इंदौर**। परदेशीपुरा में भूसे वाली गली में एक आईसर गाड़ी के अंदर तीन दिन पुराना शव मिला है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस मामले में सामान्य मौत की बात कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय भेजा गया है। वहीं मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फ्रूट मार्केट की दुकानों में लगी आग

**इंदौर**। एमजी रोड इलाके के फ्रूट मार्केट में सोमवार देर रात आग लग गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचकर करीब आंधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक देर रात आग वीर सावरकर मार्केट में फल दुकान में आग की सूचना मिली थी। सूचना के बाद दमकल की गाडियां मौके पर भेजी है। आग से तीन दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। जिसमें एक दुकान के अंदर रखा माल पूरी तरह से जल गया। आग से किसी तरह की जन हानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## युवक की कार के कांच फोड़े

**इंदौर** । विनोबा नगर में दो बदमाशों ने गुंडागर्दी करते हुए एक युवक की कार के कांच फोड़ दिए, युवक ने आपत्ति ली तो उस पर हमला कर उसे भी घायल कर दिया। पलासिया थाने में अंकित स्नेही पिता शरद कुमार निवासी विनोबा नगर बड़ी ग्वालटोली की शिकायत पर आरोपी सुरेंद्र बौरासी और उसके एक साथी के खिलाफ तोडफोड़ और मारपीट -हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अंकित ने पुलिस को बताया कि उसने दोपहर में देखा तो उसकी कार के कांच फूटे हुए थे और गाड़ी के सामने सुरेंद्र बौरासी और उसका एक साथी खड़े थे। फरियादी अंकित ने सुरेंद्र से कहा कि गाड़ी के कांच क्यों फोड़े तब सुरेंद्र ने गाली देते हुए अपने साथी के साथ अंकित पर हमला कर दिया। अंकित ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## पुराने विवाद में मारा चाकू

**इंदौर** । मल्हारगंज थाना क्षेत्र के एमजी रोड पर एक ही घर में रहने वाले दो लोग आपसी विवाद में उलझ गए। पुलिस को फरियादी विकास पिता नंदराम कसेरा निवासी एमजी रोड ने शिकायत दर्ज करवाई कि अमरनाथ पिता अनिल कसेरा ने पुरानी बात को लेकर विवाद किया। विवाद बढ़ा तो अमरनाथ ने जेब से चाकू निकालकर मार दिया। परिजनों को लड़ता देख फरियादी की बहन काजल ने बीचबचाव किया। इधर एरोड्रम पुलिस को गौरव पिता भगवतसिंह ठाकुर ने शिकायत दर्ज करवाई कि प्रिंस निवासी संगम नगर ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद पीठ पर चाकू मार दिया जिससे फरियादी घायल हो गया।

## व्यापारी महिला की कार में तोड़फोड़

**इंदौर**। सदर बाजार में रहने वाली एक व्यापारी महिला की कार में तोडफ़ोड़ का मामला सामने आया है। कार में तोडफ़ोड़ करने वाला एक सर्विस सेंटर का संचालक है। महिला ने वहां अपनी कार की सविर्सिंग कराई थी। रुपए देने के बाद भी संचालक और रुपए मांग रहा था। इनकार करने पर आरोपी ने रात में आकर कार कांच फोड़ दिए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई। इसके बाद व्यापारी महिला ने थाने जाकर केस दर्ज कराया। सदर बाजार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुनीता जैन निवासी तिलक पथ की शिकायत पर पुलिस ने राकेश बुलानी निवासी प्रिंस यशवंत रोड, सिंधी धर्मशाला के खिलाफ कार में तोडफ़ोड़ करने और धमकाने का केस दर्ज किया है। सुनीता ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी कार नंबर रूक्क09ष्टञ्ज6024 बुलानी ऑटो मोबाइल पर सर्विस के लिए दिए थी। इस मामले में बुलानी को सविर्सिंग के तय रुपए भी दे दिए थे। लेकिन इसके बाद भी वह एक्स्ट्रा रुपए मांग रहा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक